छत्तीसगढ़ विधान सभा

फरवरी–मार्च, 2021 सत्र

दैनिक कार्य सूची

बुधवार,दिनांक 24 फरवरी, 2021 (फाल्गुन 5, 1942)

समय 11:00 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे।

2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानआकर्षण

(1) श्री धनेन्द्र साहू, सदस्य, नवापारा राजिम में महानदी पर निर्मित एनीकट से लेकर कुलेश्वर मंदिर तक सिल्ट जमा होने की ओर जल संसाधन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

(2) श्री बृजमोहन अग्रवाल, सदस्य, प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में अनियमितता किये जाने की ओर खाद्य मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

3. वित्तीय वर्ष 2020–2021 के तृतीय अनुपूरक अनुमान की अनुदान मांगों पर मतदान

निर्धारित समय 3 घंटे

श्री भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री, निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे :–

दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में अनुदान संख्या – 6, 7, 10, 24, 41, 47, 58, 64 एवं 71 के लिये राज्य की संचित निधि में से प्रस्तावित व्यय के निमित्त राज्यपाल महोदया को कुल मिलाकर **पांच सौ पांच करोड़, सात सौ रूपये** की अनुपूरक राशि दी जाये।

4. शासकीय विधि विषयक कार्य

श्री भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ विनियोग (क्रमांक–1) विधेयक,2021 (क्रमांक 1 सन् 2021) का पुरःस्थापन करेंगे तथा प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पर विचार किया जाये।

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खंडशः विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाये।

चन्द्र शेखर गंगराड़े
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा

रायपुर,
दिनांक 23 फरवरी,2021